हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

14 नवंबर 2024, समय 1810

- 43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज नई दिल्ली में शुरू हुआ , मेले में 11 देश भाग ले रहे हैं।
- चंडीगढ़ में प्रदूषण उच्चतम स्तर पर पहुंचा ,वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पाया गया।
- आज बाल दिवस पर हरियाणा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने करनाल के श्रवण एवं वाणी निशक्त केंद्र के बच्चों के साथ बाल दिवस बनाया।
- आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने कहा कि मधुमेह स पीड़ित लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले किफायती उपचार तक पहुँच सुनिश्चित की जा रही है।

************************************************************************

43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 14 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्धाटन किया। इस वर्ष मेले का विषय विकसित भारत ऐट-2047.रखा गया है। इस वर्ष 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मेले में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। मेले का उद्घाटन करते हुए श्री पीयूष गोयल ने इस तरह के आयोजन वर्ष में दो बार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार भारत व्यापार प्रोत्साहन संगठन का विस्तार करने और इसे अखिल भारतीय संगठन बनाने पर विचार कर रही है। मंत्री ने विश्व के अन्य भागों में भारत का अपना मेला आयोजित करने और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करने की आवश्यकता जताई।

************************************************************************

चंडीगढ़ में आज प्रदूषण उच्चतम स्तर पर है। इस मौसम में पहली बार चंडीगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में आया है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की "समीर" ऐप के अनुसार चंडीगढ़ में आज दोपहर 12 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 427 दर्ज किया गया। आंकड़ों के मुताबिक, सेक्टर 22 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 460, सेक्टर 25 में 365 और सेक्टर 53 में 455

दर्ज किया गया।चंडीगढ़ के मुख्य वन संरक्षक टी.सी. नौटियाल ने आकाशवाणी समाचार को बताया:

श्री नौटियाल ने कहा कि हवा चलने और बारिश होने से ही प्रदूषण से राहत मिलेगी।उधर, चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से हालात बेहतर होने तक सभी स्कूल विशेषकर छोटे बच्चों के स्कूल बंद करने पर विचार करने की अपील की है।पंजाब और हरियाणा में भी अधिकतर ज़िलों में प्रदूषण से बुरा हाल है। गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 323, पंचकूला में 299, बहादुरगढ़ में 293 और अमृतसर में 325 दर्ज किया गया है।

**************************************************************************

आज बाल दिवस पर हरियाणा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

बाल दिवस पर प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज करनाल स्थित श्रवण एवं वाणी निशक्त केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल के कार्यक्रम में पहुंचने पर पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर केंद्र के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । राज्यपाल ने केंद्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली और बच्चों से बातचीत की।पंचकूला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार घनघस ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्य योजना के अनुसार, बाल दिवस पर बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों के लिए बाल मेला आयोजित किया गया। यह पहल राज्य भर के बाल देखभाल संस्थानों में बच्चों के कल्याण, शिक्षा और समग्र विकास के लिए प्राधिकरण की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवा निवासियों के बीच खुशी, रचनात्मकता और समुदाय की भावना को बढ़ावा देना है।इस दौरान बाल सदन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, बच्चों ने नृत्य, गीत, नाटक और कविता पाठ के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और उत्साह व्यक्त करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया और बच्चों ने कार्यक्रम में भागीदारी कर विभिन्न प्रस्तुतियां दी। अंबाला में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बाल दिवस पर हजारों बच्चों द्वारा अलग-अलग विधाओं में दिखाई अद्भुत प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने बच्चों को मेहनत और ईमानदारी के साथ शिक्षा और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिय प्रेरित

किया।कार्यक्रम मे उपायुक्त ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले 55 स्कूलों के 680 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।कैथल जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग और नागरिक उप मंडल अधिकारी अजय सिंह ने शिरकित की। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

*************************************************************************

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया । इस अवसर पर हरियाणा के विभिन्न जिलों में लोगों को मधुमेह रोग बारे जागरूक किया गया।इस वर्ष इस दिवस का थीम "अवरोधों को तोड़ना और अंतरालों को कम करना" रखा गया है। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया:

उन्होंने कहा कि हरियाणा में मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों की उच्च गुणवत्ता वाले किफायती उपचार तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है और उन्हें मधुमेह से बचाव बारे जागरूक किया जा रहा है। डॉ कुलदीप ने बताया कि खानपान में कुछ सावधानियों के साथ और व्यायाम को तरजीह देकर मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बीमारी होने पर उपचार जरूरी है। काबिले गौर है कि 2023 में प्रकाशित भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग 10 करोड़, 10 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं।

*************************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों के 42 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। उन्होंने अस्पतालों में दवाएं न होने का आरोप भी लगाया है।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा का जिला नागरिक अस्पताल में अधिकतर विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है, और जरूरत के अनुसार कोई उपकरण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के आधार पर अब निजी चिकित्सक उपचार ही नहीं करते।उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में उचित कदम उठाने चाहिए।

*************************************************************************

आज पंचकूला जिले में भानु स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र का 63वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परेड की सलामी के

साथ हुई । मुख्य अतिथि, प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र के महानिरीक्षक आनंदपाल सिंह निम्बाडिया, ने सभी को संस्थान के 63वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस संस्थान का इतिहास गौरवशाली रहा है। मुख्य अतिथि ने उन पदाधिकारियों को सलाम किया जिनकी कठोर मेहनत से यह संस्थान इस स्तर पर पहुंचा है ।कार्यक्रम में संस्थान के प्रमुख रहे भूत पूर्व उप महानिरीक्षक एन.के. मिश्रा , भूत पूर्व महानिरीक्षक एम.सी. भट्ट और ईश्वर सिंह दुहन तथा कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में सभी के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर संस्थान की पत्रिका “हिम आधार” के विशेषांक का विमोचन भी किया गया जिसमे संस्था का इतिहास तथा कई अन्य गतिविधियों को शामिल किया गया है । कार्यक्रम के दौरान हिमवीरों ने कई करतब भी दिखाए।

*****************************************************************************

कैथल पुलिस ने आज सुबह एक गाड़ी से 203 किलो 410 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया ।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक सूचना के आधार पर गांव बड़सीकरी खुर्द से बालू रोड़ पर पर नाकेबंदी कर यह बरामदगी की। आरोपियों की गाड़ी को रोका गया तो दोनो आरोपी धुंध व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गाड़ी में लदे 10 प्लास्टिक कट्टो से 203 किलो 410 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है।आरोपियों की पहचान गांव मोहल खेड़ा निवासी गुरमेल तथा नरवाना निवासी मोनू के तौर पर हुई है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई है।